तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सीएस कच्छवाहा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353632994499870	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20/01/25	अपीलार्थी सीएस कच्छवाहा निवासी 09, अमर सिंह मार्ग, नागोरी गेट के बाहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 22.10.2024 को मण्डोर क्षेत्र । जोधपुर में संवत 2035–38 से पूर्व में खाता 85 पट्टा संख्या 181/92 श्री गुलाब सिंह गहलोत के नाम दर्ज है, खसरा 1749/4 रकबा 4–10, 1749/5 रकबा 12.65, 1749/6 रकबा 24–0, खसरा 1749 रकबा 30–14 कुल 143–05 बीघा कार्यालय आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 51 दिनांक 14.01..2025 से बतलाया कि प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक 2221 दिनांक 06.12.2024 द्वारा सूचित किया कि आवेदन पत्र में विशिष्टियों का स्पष्ट उल्लेख यथा कार्यालय आदेश /दिनांक एवं पट्टा जारी करने वाली सक्षम प्राधिकरण विभाग का उल्लेख नही किया गया है, जिसके अभाव में सूचना दिया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.01.2[illegible] 14:35:23 IST
Reason: Approved